# A

**CCE RR**
**NCERT**
**SYLLABUS**

**ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003**

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESHWARAM, BANGALORE – 560 003**

ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಜೂನ್ / ಜುಲೈ, 2022

**S.S.L.C. EXAMINATION, JUNE / JULY, 2022**

## ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

## MODEL ANSWERS

ದಿನಾಂಕ : 01. 07. 2022 ] **ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 60-H**

Date : 01. 07. 2022 ] **Code No. : 60-H**

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language — HINDI

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80

[ Max. Marks : 80

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** 8 × 1 = 8 | |
| 1. | कोमल शब्द का विलोम रूप है –<br>(A) मधुर (B) कठोर<br>(C) सुन्दर (D) सुमधुर।<br>**उत्तर :** (B) कठोर | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| 2. | 'कामयाब' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –<br>(A) सफल (B) उत्तीर्ण<br>(C) संभावना (D) आसान।<br>**उत्तर :** (A) सफल | 1 |
| 3. | निम्नलिखित में से 'बहुवचन' शब्द है –<br>(A) आँख (B) फौज़<br>(C) दीवार (D) टुकड़े।<br>**उत्तर :** (D) टुकड़े | 1 |
| 4. | जंगल की जिंदगी बड़ी खतरनाक होती है।<br>वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –<br>(A) अल्प विराम (B) पूर्ण विराम<br>(C) प्रश्नवाचक (D) विस्मयादिबोधक।<br>**उत्तर :** (B) पूर्ण विराम | 1 |
| 5. | 'विद्यालय' शब्द में संधि है –<br>(A) दीर्घ (B) वृद्धि<br>(C) गुण (D) यण् ।<br>**उत्तर :** (A) दीर्घ | 1 |
| 6. | 'देश-विदेश' शब्द में समास है –<br>(A) द्विगु समास (B) कर्मधारय समास<br>(C) द्वंद्व समास (D) तत्पुरुष समास।<br>**उत्तर :** (C) द्वंद्व समास | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 7. | निम्नलिखित में से उपसर्ग युक्त शब्द है –<br>(A) साहसिक (B) बेहोश<br>(C) चर्चित (D) शब्दहीन।<br>**उत्तर :** (B) बेहोश | 1 |
| 8. | चींटियों ............. सुलेमान के लिए ईश्वर से दुआ की।<br>रिक्त स्थान में सही कारक होगा –<br>(A) पर (B) को<br>(C) ने (D) में।<br>**उत्तर :** (C) ने | 1 |
| II. | **सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए।** 4 × 1 = 4 | |
| | **अ** — **ब** | |
| 9. | बड़े भाई साहब — a) महाकवि शेख अयाज | |
| 10. | बाइबिल के सोलोमेन — b) विरासत में प्राप्त | |
| 11. | जब मैं था तब — c) दान में प्राप्त | |
| 12. | 1857 की तोप — d) हरि नहीं | |
| | e) अध्ययनशील | |
| | f) मैं नांहि | |
| | g) कुरआन में सुलेमान | |
| | **उत्तर :** | |
| 9. | e) अध्ययनशील | 1 |
| 10. | g) कुरआन में सुलेमान | 1 |
| 11. | d) हरि नहीं | 1 |
| 12. | b) विरासत में प्राप्त | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| III. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** 4 × 1 = 4 | |
| 13. | तताँरा - वामीरो कहाँ की लोक कथा है ?<br>**उत्तर :** तताँरा-वामीरो 'अंदमान निकोबार द्वीपसमूह' की लोक कथा है। | 1 |
| 14. | जापान के लोगों की दिमाग का तनाव क्यों बढ़ता जा रहा है ?<br>**उत्तर :** जापान के लोगों की दिमाग का तनाव 'अधिक रफ्तार से सोचने से या दौड़ने से' बढ़ता जा रहा है। | 1 |
| 15. | झरने किसके गौरव का गान कर रहे हैं ?<br>**उत्तर :** झरने पर्वत के गौरव का गान कर रहे हैं। | 1 |
| 16. | कवि के अभिप्राय में सर पर कफन क्यों बाँधना चाहिए ?<br>**उत्तर :** कवि के अभिप्राय में सर पर कफन 'देश की रक्षा करने' के लिए बाँधना चाहिए। | 1 |
| IV. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन पूर्ण वाक्यों में लिखिए :** 8 × 2 = 16 | |
| 17. | 26 जनवरी 1931 के दिन को अमर बनाने के लिए क्या-क्या तैयारियाँ की गईं ?<br>**उत्तर :** 26 जनवरी 1931 के दिन को अमर बनाने के लिए इस तरह तैयारियाँ की गई थीं कि -<br>* बहुत प्रचार किया गया था। प्रचार के लिए दो हजार खर्च किये गए थे।<br>* कार्यकर्ता सारा काम अपना समझते थे और लोगों के घर जा-जाकर समझाया था।<br>* बाजार के मकानों पर, कलकत्ते के प्रत्येक भाग में राष्ट्रीय झंडा फहराया गया।<br>* मोनुमेंट के नीचे झंडा फहराना और स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ने की।<br>[ उपर्युक्त कोई दो अंश ] | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 18. | शुद्ध आदर्श की तुलना सोने से और व्यावहारिकता की तुलना ताँबे से क्यों की गई है ?<br><br>**उत्तर :** शुद्ध आदर्श की तुलना सोने से और व्यावहारिकता की तुलना ताँबे से की गई है क्योंकि –<br><br>* शुद्ध सोने का तात्पर्य शुद्ध आदर्श से होता है।<br>आदर्श समाज में शाश्वत मूल्यों का प्रतीक है। उसी प्रकार –<br>ताँबे का ताप्तर्य व्यावहारिकता से है। आदर्श व्यक्तिको व्यावहारिकता छोड़ना नहीं चाहिए, बल्कि व्यावहारिकता में आदर्श मिलाकर उसकी कीमत बढ़ानी चाहिए। | 2 |
| 19. | सवार के जाने के बाद कर्नल क्यों हक्का-बक्का रह गया ?<br><br>**उत्तर :** सवार तेजी से आकर कर्नल से मिलकर बातें करता है। वह वजीर अली की गिरफ्तारी में मदद करने के लिए दस कारतूस माँगता है। कर्नल कारतूस देते ही सवार का नाम पूछता है। सवार के स्वयं वजीर अली कहने के बाद कर्नल हक्का-बक्का रह जाता है। | 2 |
| 20. | शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती में क्यों धँस गए ?<br><br>**उत्तर :** अचानक पर्वत पर बादल छा गये। घना अंधेरा फैल गया। सिर्फ झरने की आवाज सुनने लगी, कुछ भी नहीं दिख रहा था। वर्षा बरसने लगी, तालाब में धुआँ उठने लगा, यह सब देखकर बड़े-बड़े शाल वृक्ष डरकर धँस गए। | 2 |
| 21. | ''सर हिमालय का हमने न झुकने दिया'' इस पंक्ति में हिमालय किस बात का प्रतीक है ?<br><br>**उत्तर :** हिमालय भारत का ताज और गौरव का प्रतीक है। उस समय भारतीय सैनिकों ने अपना प्राण देकर भारत देश की रक्षा की हैं। इसलिए 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया' कहा है। | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 22. | विरासत में मिली चीज़ों की बड़ी संभाल क्यों होती है ?<br>**उत्तर :** विरासत में मिली चीजों की बडी संभाल से यह पता चलता है कि -<br>* हमें अपना देश और समाज की प्राचीन उपलब्धियों का परिचय होता है।<br>* हमारे पूर्वजों से कब और क्या चूक हुई थी, यह पता चलता है।<br>* इतिहास की अनेक घटनाओं का, महान वीरों का स्मरण होता है।<br>[ उपर्युक्त कोई दो अंश ] | 2 |
| 23. | हरिहर काका को महंत और उसके भाई ने क्यों मारा-पीटा ?<br>**अथवा**<br>लेखक और हरिहर काका में उत्तम लगाव था। क्यों ?<br>**उत्तर :** हरिहर काका के पास पंद्रह बीघे जमीन थी। उसका कोई संतान नहीं था। इसलिए महंत और हरिहर काका के भाई उनके जमीन को अपने नाम लिखवाने के लिए हरिहर काका को मारा-पीटा।<br>**अथवा**<br>हरिहर काका लेखक के पड़ोस में रहते थे और लेखक को अपने कंधे पर बिठाकर घुमाते थे, बहुत प्यार करते थे। एक पिता अपने बच्चे को जितना प्यार करता है, उससे कहीं ज्यादा प्यार करते थे। इसलिए लेखक और हरिहर काका में उत्तम लगाव था। | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 24. | इफ़्फ़न की दादी अपने पीहर क्यों जाना चाहती थीं ?<br>**अथवा**<br>टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही ?<br>**उत्तर :** इफ़्फ़न की दादी अपने पीहर को इसलिए जाना जाहती थी कि -<br>* इफ़्फ़न की दादी एक जमींदार की बेटी थीं।<br>* वह वहाँ दूध-घी-दही खाती रहती थीं और<br>* वहाँ आजादी के साथ रहती थीं।<br>**अथवा**<br>टोपी की दादी सुभद्रा देवी कठोर स्वभाववाली थीं। वह हमेशा टोपी को गुस्सा करती थीं। डाँटती थीं। लेकिन इफ़्फ़न की दादी हमेशा मधुरता से बातें करती थीं। अपने पास बिठाकर प्यार से कहानियाँ बोलती थीं। इसलिए टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात कही। | 2 |
| V. **क)**<br><br>25. | **निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए :** $9 \times 3 = 27$<br>''खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले की गई थी''।<br>**उत्तर :** प्रस्तुत वाक्य का आशय इस तरह है -<br>* 26 जनवरी 1931 भारत के इतिहास में यह दिन अमर दिन है कि भारत में विशेषकर कलकत्ता में स्वतंत्रता दिवस की काफी तैयारियों के साथ मनाया गया था।<br>* कलकत्ते के प्रत्येक भाग में, बाजार के मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहराया गया था।<br>* सब लोगों को नियंत्रण करने के लिए इंसपेक्टरों को सूचना और नोटिस की थी। पुलिस भी सब जगहों पर जमा हुई थी।<br>* इसके बावजूद भी लोग इकट्ठा होकर मोनुमेंट के नीचे झंडा फहराये तथा स्वंतत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ी।<br>इसलिए यह घटना ऐसा प्रतीत होता है कि - ''खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले की गई थी''। | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 26. | ''मुट्ठी भर आदमी और दमखम''<br>**उत्तर :** इस प्रस्तुत वाक्य का आशय इस तरह है कि -<br>* वजीर अली एक जाँबाज सिपाही था। अंग्रेजों के खिलाफ उसके दिल में नफरत थी।<br>* वजीर अली के पास कुछ ही लोग थे। वे लोग भी वजीर अली के जैसा निडर, जाँबाज थे और शक्ति और दृढता से काम करते थे।<br>* वजीर अली ऐसा जाँबाज सिपाही था कि वह कंपनी के वकील का कत्ल करके, कर्नल के खेमे में जाकर उससे कारतूस ले आया था।<br>इसलिए लेखक कहते हैं ''मुट्ठी भर आदमी और दमखम'' | 3 |
| 27. | चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,<br>विपत्ति, विघ्न जो पड़ें उन्हें ढकेलते हुए।<br>**उत्तर :** इस पंक्ति का आशय यह है कि -<br>* हर व्यक्ति को अपने इच्छीत मार्ग पर खुशी से चलना है।<br>* अपने जीवन में एक दूसरे से मिलकर सदा सुख से रहना है।<br>* अपने मार्ग पर आनेवाली विपत्ति, कष्ट और विघ्नों को ढकेलते चलना है।<br>* जीवन में आनेवाले हर कष्टों को स्वयं दूर करना है। | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| ख) | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** | |
| 28. | रूढ़ियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है। क्यों ? स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर :** रूढ़ियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका दूर जाना ही अच्छा है। क्योंकि -<br>* तताँरा-वामीरो की कहानी में "रूढ़ियों के कारण इनका प्रेम-विवाह नहीं हो सका, जिसके कारण दोनों को जान देना पड़ा।<br>* रूढ़ियाँ व्यक्ति को बंधन में रखती हैं, जिससे व्यक्ति का विकास नहीं होता है।<br>* जहाँ रूढ़ियाँ किसी की भला करने की जगह नुकसान पहुँचाए, वहाँ उनका टूट जाना ही बेहतर है। | 3 |
| 29. | प्रकृति में आए असंतुलन का कारण और परिणाम स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर :** कारण * मानव अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति पर कब्जा करके, प्रकृति का नाश करने लगा।<br>परिणाम * गरमी में अत्यधिक गरमी बढ़ने लगी।<br>* बेवक्त की बरसातें, जलजले और तूफान आने लगे।<br>* नए-नए रोग उत्पन्न हो गए। | 3 |
| 30. | कवि द्वारा आत्मत्राण पद्य में भगवान से किए गए प्रार्थनाओं का विवरण दीजिए।<br>**उत्तर :** कवि आत्मत्राण पद्य में भगवान से इस तरह प्रार्थना करते हैं कि -<br>* दुख दर्द और कष्ट में लड़ने की शक्ति दे।<br>* अपना बल - पौरुष को ही अपना सहायक बनाने की शक्ति दे।<br>* हानि में भी निराश न होने की शक्ति दे।<br>* सुख में भी प्रभु को याद रख सके।<br>* कष्टों में भी ईश्वर पर आस्था बना रहे।<br>* मन में कभी ईश्वर के प्रति संदेह न हो।<br>[ उपर्युक्त कोई तीन या चार अंश ] | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 31. | मीराबाई श्याम की चाकरी क्यों करना चाहती हैं ? स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर :** मीराबाई श्याम की चाकरी इसलिए करना चाहती हैं कि -<br>* श्रीकृष्ण की सेविका बनकर उनके आसपास रहना चाहती हैं।<br>* श्रीकृष्ण के बार-बार दर्शन करना चाहती हैं।<br>* मीराबाई श्रीकृष्ण के आस-पास रहकर उनकी लीला का गुणगान करना चाहती हैं।<br>* मीराबाई श्रीकृष्ण की सेविका बनकर भाव-भक्ति रूपी जागीर या संपत्ति प्राप्त कर अपना जीवन सफल बनाना चाहती हैं। | 3 |
| 32. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :<br>कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूंढ़ै बन माँहि।<br>ऐसें घटि घटि रॉंम है, दुनियाँ देखै नाँहि।।<br>**उत्तर :** प्रस्तुत पंक्ति स्पर्श-2 पुस्तक में लिखा हुआ साखी से लिया गया है। इस पद्य के रचनाकार कबीर हैं।<br>इस दोहे में कवि कहते हैं कि-हिरण अपनी नाभि से आता हुआ कस्तूरी सुवासन ढूँढ़ने के लिए जंगल में इधर-उधर भटकता है। उसी तरह मनुष्य भी राम को पाने के लिए हिरण के जैसे बहकते हैं। राम कण-कण में होते हैं। | 3 |
| 33. | गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :<br>सुमित्रानंदन पंत का जन्म सन् 1900 को उत्तराखंड में हुआ। उन्होंने बचपन से ही कविता लिखना शुरू कर दिया। ये हिन्दी के पहले ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त कवि हैं।<br>**उत्तर :** ಕನ್ನಡ : ಸುಮಿತ್ರಾನಂದನ ಪಂತರವರ ಜನನವು ಇಸ್ವಿ 1500 ಉತ್ತರಾಖಂಡದಲ್ಲಿಯಾಯಿತು. ಇವರು ಬಾಲ್ಯದಿಂದಲೇ ಕವಿತೆಗಳನ್ನು ಬರೆಯಲು ಪ್ರಾರಂಭಿಸಿದರು. ಇವರು ಹಿಂದಿಯ ಮೊದಲ ಜ್ಞಾನಪೀಠ ಪ್ರಶಸ್ತಿಯನ್ನು ಪಡೆದ ಕವಿಯಾಗಿದ್ದಾರೆ.<br>English : Sumitranandan Pant was born in 1900 in Uttarakhand. He began writing poems in childhood. He is the first recepient of Gnana Peetha award in Hindi. | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VI. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** 2 × 4 = 8 | |
| 34. | बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताएँ बताइए।<br>**अथवा**<br>छोटे भाई के मन में बड़े भाई साहब के प्रति श्रद्धा क्यों उत्पन्न हुई ? स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर :** * बड़े भाई साहब स्वभाव से अध्ययनशील थे।<br>* हमेशा किताब पढ़ते रहते थे।<br>* दिन रात कठिन परिश्रम करते थे। चाहे उन्हें समझ में आये या ना आये, वे फिर भी एक-एक अक्षर को रट लिया करते थे।<br>* वह बड़ा होने का एहसास करते थे। इसलिए वे छोटे भाई को तरह-तरह से समझाते थे।<br>* अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए अपने मन की इच्छाओं को दबा देते थे।<br>* एक अच्छे वाक्पटु थे। उपदेश देने में बहुत कुशल थे।<br>* छोटे भाई को किताबी ज्ञान से भी अनुभव का ज्ञान महत्वपूर्ण है, कहकर समझाते थे।<br>[ उपर्युक्त कोई 5-6 अंश ]<br>**अथवा**<br>छोटे भाई को खेलना बहुत पसंद था। वह हर समय खेलता रहता था। बड़े भाई साहब इस बात पर उसे बहुत डाँटते रहते थे। डर के कारण थोड़ा पढ़ लेता था। इस तरह खेलते ही अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया, तो उसे स्वयं पर अभिमान हो गया। बड़े भाई का डर उड़ गया।<br>एक दिन पतंग उड़ाते समय बड़े भाई साहब ने बताया कि छोटे भाई के लिए अपने मन की इच्छाओं को दबाना पड़ा है क्योंकि तुम्हारा उत्तम भविष्य के लिए और अनुभव का ज्ञान महत्व होता है। ये सब बातें सुनकर छोटे भाई की आँखें खुल गईं। इस तरह छोटे भाई के मन में बड़े भाई साहब के प्रति श्रद्धा उत्पन्न हुई। | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 35. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :<br>सारे शीतल ..............................................<br>...........................................................<br>...........................................................<br>........................................ तुझ में मिल !<br>**उत्तर :** सारे शीतल कोमल नूतन,<br>माँग रहे तुझसे ज्वाला-कण<br>विश्व-शलभ सिर धुन कहता 'मैं<br>हाय न जल पाया तुझ में मिल'! | 4 |
| VII. 36. | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** 4 × 1 = 4<br>विक्रम साराभाई के अबोध मन में बचपन से ही कीर्ति प्राप्त करने की लालसा और महत्वाकांक्षा विद्यमान थी। पाँच-छह वर्ष की वय में उन्हें एक बार शिमला अपने परिवार के साथ जाने का अवसर प्राप्त हुआ था। जब उन्होंने देखा कि उनके पिता के नाम ढेर सारे पत्र प्राप्त होते हैं, तो उनके मन में यह इच्छा उत्पन्न हुई कि उनके नाम भी इसी प्रकार अनेक पत्र प्राप्त हों। इस इच्छा से प्रेरित होकर बालक विक्रम ने कुछ खाली लिफाफों पर टिकट चिपकाए और उनपर नाम तथा पता लिखकर डाकघर में डाल दिया। अब विक्रम के नाम से भी पत्र आने लगे। विक्रम को बचपन से ही साहसिक कार्य पसंद थे।<br>**प्रश्न :**<br>अ) विक्रम साराभाई के अबोध मन में कैसी महत्वाकांक्षा विद्यमान थी ?<br>आ) पाँच-छह वर्ष की वय में उन्हें कैसा अवसर प्राप्त हुआ ?<br>इ) बालक विक्रम के मन में कैसी इच्छा उत्पन्न हुई ?<br>ई) विक्रम को बचपन से कैसे कार्य पसंद थे ? | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** अ) विक्रम साराभाई के अबोध मन में बचपन से ही कीर्ति प्राप्त करने की महत्वाकांक्षा थी। | 1 |
| | **उत्तर :** आ) पाँच-छह वर्ष की वय में उन्हें अपने परिवार के साथ शिमला जाने का अवसर प्राप्त हुआ। | 1 |
| | **उत्तर :** इ) पिता की तरह अपने नाम भी इसी प्रकार अनेक पत्र प्राप्त हो। | 1 |
| | **उत्तर :** ई) विक्रम को बचपन में साहसिक कार्य पसंद थे। | 1 |
| VIII. 37. | **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** $1 \times 4 = 4$<br>**क) स्वतंत्रता दिवस का समारोह**<br>* प्रस्तावना<br>* ऐतिहासिक महत्व<br>* आचरण<br>* उपसंहार।<br>**ख) इंटरनेट : एक वरदान**<br>* अर्थ<br>* उपयोग<br>* लाभ<br>* उपसंहार। | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | ग) **जनसंख्या की समस्या**<br>✳ जनसंख्या वृद्धि के कारण<br>✳ परिणाम<br>✳ उपचार<br>✳ उपसंहार। | |
| | **उत्तर :** ✳ प्रस्तावना 1<br>✳ विषय विस्तार 2<br>✳ उपसंहार 1 | 4 |
| IX.<br>38. | **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** $1 \times 5 = 5$<br>अपने भाई की शादी का कारण बताते हुए प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए।<br>**अथवा**<br>शैक्षिक प्रवास के लिए पिता से 2,000 रुपये और अनुमति माँगते हुए एक पत्र लिखिए।<br>**उत्तर :** पत्र लेखन :<br>व्यावहारिक पत्र<br>✳ दिनांक और प्रेषक का पता — $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र पानेवाले का पता — $\frac{1}{2}$<br>✳ विषय — $\frac{1}{2}$<br>✳ संबोधन — $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र का कलेवर — $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति — $\frac{1}{2}$<br>**अथवा** | 5 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | पारिवारिक पत्र :<br>∗ प्रेषक का पता और दिनांक — $\frac{1}{2}$<br>∗ संबोधन एवं अभिवादन — 1<br>∗ पत्र का कलेवर — $2\frac{1}{2}$<br>∗ समाप्ति — $\frac{1}{2}$<br>∗ पत्र पानेवाले का पता — $\frac{1}{2}$ | |